

# सम्मान-पत्र

## रमेश दत्त दुबे
## साहित्य सम्मान 2016

## डॉ. राजेन्द्र यादव

बुन्देलखण्ड के टीकमगढ़ जिले के मुहरा ग्राम में जन्मे डॉ. राजेन्द्र यादव ने डॉ. हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर से पी.एच.डी.की उपाधि प्राप्त की.

वे जनसत्ता मुंबई में एक वर्ष कार्य करने के पश्चात दैनिक भास्कर चंडीगढ़ में सिटी डेस्क के उप मुख्य संपादक रहे. विगत दो दशकों से वे डॉ. हरीसिंह गौर विश्व विद्यालय के हिन्दी विभाग से संबद्ध रहे और 2001 से अद्यतन असिस्टेन्ट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं.

डॉ. यादव विश्वविद्यालय की बुन्देली पीठ के सचिव व 'ईसुरी' पत्रिका के संपादक हैं. लगभग 50 शोध ग्रंथ प्रकाशित हैं. संपादक के रूप में डॉ. यादव ने श्री रमेश दत्त दुबे के साहित्यिक अवदान पर 'ईसुरी' के नवीन अंक के प्रकाशन का आयोजन किया है.

अपने आलोचना ग्रंथों - अशोक वाजपेयी की कविता और आलोचना, हिन्दी उत्तर मध्यकाल और बुन्देलखण्ड, शताब्दी की बैचेनी का कवि अशोक वाजपेयी, शब्द और सामर्थ्य, हिन्दी साहित्य: सूफी भक्ति की प्रासंगिकता के कारण वे देश की हिन्दी आलोचना के केन्द्र में चर्चित हस्ताक्षर हैं.

एतदर्थ, डॉ. राजेन्द्र यादव की हिन्दी सेवाओं और आलोचना के क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान के लिए उन्हे "रमेश दत्त दुबे साहित्य सम्मान 2016" से विभूषित करते हुए हम आनन्द आह्लाद और गौरव का अनुभव करते हैं .

दिनांक 23 दिसम्बर 2016 , पंडित ज्वाला प्रसाद ज्योतिषी इंस्टीट्यूट, सागर (म.प्र.)

| | | |
|---|---|---|
| सीमा रमेशदत्त दुबे | उ | सुरेश आचार्य |
| श्रीमती सीमा रमेशदत्त दुबे | उमाकान्त मिश्र | प्रो. सुरेश आचार्य |
| संरक्षक | अध्यक्ष | पूर्व अध्यक्ष हिन्दी विभाग |
| रमेशदत्त दुबे स्मृति आयोजन | श्यामलम् | डॉ. हरीसिंह गौर वि. वि. सागर |

श्यामलम्  कला साहित्य संस्कृति एवं भाषा के लिए

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner